BSNL EMPLOYEES UNION

MADHYA PRADESH CIRCLE, BHOPAL

B S RAGHUWANSHI
Circle President

PRAKASH SHARMA
Circle Secretary

No.: BSNLEU/ M P CIRCLE / PROBLEMS / 25 DATED 02.02.2019

प्रति,
मुख्य महाप्रबंधक दूरसंचार,
मध्यप्रदेश दूरसंचार परिमंडल, बीएसएनएल,
भोपाल

विषय : **रायसेन एसएसए अंतर्गत उपमंडल बरेली का नेटवर्क बार बार क्षतिग्रस्त होने बाबद।**

मा.महोदय,

रायसेन एसएसए अंतर्गत उपमंडल बरेली का नेटवर्क बार बार क्षतिग्रस्त हो जाने से बीएसएनएल के उपभोक्ताओं के आक्रोश की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

बरेली उपमंडल का नेटवर्क आए दिन क्षतिग्रस्त हो रहा है। नेटवर्क की खराबी की वजह से उपभोक्तओं का बीएसएनएल के प्रति विश्वास खत्म होता जा रहा है। साथ ही, रात रात भर जाग कर कर्मचारियों ने यूजी केबिल को क्षतिग्रस्त होने से बचा कर उपभोक्ताओं को बीएसएनएल से जोड़ कर रखा था। किन्तु आए दिन नेटवर्क के क्षतिग्रस्त होने से बीएसएनएल के कनेक्शन कटते जा रहे हैं। बरेली में विगत वर्ष से नर्मदा लाइन डालने का कार्य एवं सड़क चौडीकरण का कार्य चल रहा है। इसके चलते यूजी केबिल क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए जब भी खुदाई का कार्य होता था, कर्मचारी उसको बचाने की पूर्ण कोशिश करते रहे हैं। केबल क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में कर्मचारी अनथक प्रयास कर केबल त्वरित जोड़ने की कार्यवाही भी करते रहे हैं। इसी वजह से उपभोक्ता बीएसएनएल से विमुख नही हुए। इसकी पुष्टि संबंधित उपमंडल अधिकारी से की जा सकती है। किन्तु अब बार बार बरेली उपमंडल के नेटवर्क के क्षतिग्रस्त होने से कनेक्शन कट रहे हैं। वर्तमान में बरेली उपमंडल का नेटवर्क सिर्फ एक ही रिंग, बरेली गैरतगंज रिंग, पर चल रहा है। बाड़ी गौहरगंज रिंग कई दिनों से बंद हैं, इसकी पूर्ण जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी है, किन्तु आज तक सिर्फ एक ही रिंग पर निर्भर है। **दूसरी रिंग को चालु करवाने के प्रयास जिला अभियंता महोदय द्वारा नहीं किए जाने से कटते कनेक्शन के मद्दे नजर कर्मचारी और उपभोक्ता, दोनों ही व्यथित और आहत हैं।**

प्राप्त जानकारी अनुसार एक रिंग पिपरिया से भी शुरू की जा सकती हैं, किन्तु इस दिशा में कोई प्रयास नही किए जा रहे हैं। आप से अनुरोध है कि त्वरित हस्तक्षेप कर यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश देवें। **बरेली से अच्छा खासा राजस्व प्राप्त होता है। उम्मीद है, इस पहलू को दृष्टिगत रख कर शीघ्र ही समस्या का निदान किया जाएगा।**

अग्रिम धन्यवाद के साथ,

भवदीय,

sd/-
(प्रकाश शर्मा)
परिमंडल सचिव

प्रतिलिपी:

1. परिमंडल अध्यक्ष, BSNLEU

2 **जिला सचिव, बीएसएनएल ईयू, रायसेन**